पी एफ सी PFC

150 YEARS OF CELEBRATING THE MAHATMA

पावर फाइनेंस कॉर्पोरेशन लिमिटेड
POWER FINANCE CORPORATION LTD.
(भारत सरकार का उपक्रम) (A Govt. of India Undertaking)
(आई.एस.ओ. 9001:2015 प्रमाणित) (ISO 9001:2015 Certified)

<u>प्रेस विज्ञप्ति</u>

15 नवंबर, 2022

पीएफसी ने "ऊर्जा संरक्षण पर राज्य स्तरीय पेंटिंग प्रतियोगिता" का आयोजन किया

पीएफ़सी ने 14 नवंबर, 2022 को 110 चयनित स्कूली बच्चों के लिए विश्व युवक केंद्र, नई दिल्ली में 'राज्य स्तरीय पेंटिंग प्रतियोगिता' का आयोजन किया।

प्रतियोगिता पहले स्कूल स्तर पर आयोजित की गई थी जिसमें 900 स्कूलों के लगभग 7.5 लाख छात्रों ने भाग लिया था। एक विधिवत गठित जूरी ने इसमें से 110 छात्रों का चयन किया और उन्होंने राज्य स्तरीय चित्रकला प्रतियोगिता में भाग लिया। प्रतियोगिता के बाद, विजेताओं और उपविजेताओं को पुरस्कार राशि और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया।

श्री आर.एस. ढिल्लों, सीएमडी, पीएफसी इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि थे। श्रीमती परमिंदर चोपड़ा, निदेशक (वित्त), श्री आर.आर. झा, निदेशक (परियोजना), श्रीमती सिम्मी आर नाकरा, सीवीओ, पीएफसी और पीएफसी, बीईई और दिल्ली शिक्षा विभाग के वरिष्ठ अधिकारी इस अवसर पर उपस्थित थे।

ह/-

(एस.एस.राव)

मुख्य महाप्रबंधक (पीआर)